# कक्षा-आठवीं

## चरण 2 (16 से 30 अप्रैल 2021) भाग-1

## पाठ-3 मैट्रो रेल का सुहाना सफ़र

*1. निम्नलिखित पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद करें-*

**ਯੋਗ**= योग

**ਮੈਟਰੋ ਰੇਲ** = मैट्रो रेल

**ਲਿਫਟ**=लिफ्ट

**ਰੇਲਵੇ ਸਟੇਸ਼ਨ** =रेलवे स्टेशन

**ਪਲੇਟਫਾਰਮ** =प्लेटफार्म

**ਸਵੈ-ਚਾਲਿਤ**=स्वचालित

**ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਖੇਡਾਂ**=राष्ट्रीय खेलें

**ਸਰਕਾਰੀ** =राजकीय

**ਸਕੂਲ** =विद्यालय

**ਖਿਡਾਰੀ** =खिलाड़ी

**ਯਾਤਰੀ** =पर्यटक

**ਅਪੰਗ** =अपाहिज

**ਕਸੂਰ/ਦੋਸ਼** =अपराध

**ਸੁਰੱਖਿਆ ਕਰਮਚਾਰੀ** =सुरक्षाकर्मी

**ਇੰਤਜ਼ਾਰ** =प्रतीक्षा

**ਪੌੜੀਆਂ** =सीढ़ियाँ

**ਬੁੱਢੇ** =वृद्ध

**ਯੰਤਰ**=उपकरण

2. <u>शब्दार्थ</u>

उपहार =भेंट

लिफ्ट= बड़ी इमारतों में ऊपर ले जाने वाला यान स्वरूप यंत्र

अपाहिज =अपंग

विस्फोटक सामग्री= विस्फोट करने वाला पदार्थ

स्वचालित प्रवेश द्वार =अपने आप खुलने वाला दरवाज़ा

दंडनीय अपराध =दंडित किए जाने योग्य अपराध

उद्घोषणा =ऊंची आवाज़ में कहना, सरकारी घोषणा

वातानुकूलित= हवा के तापमान के अनुकूल बनाया गया

इलेक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट =बिजली से चलने वाला पटल जिस पर लगातार सूचनाएँ दी जाती हैं

भूमिगत प्लेटफार्म= भूमि के अंदर बना प्लेटफार्म

3. *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दें- (पाठों के अभ्यास के छोटे प्रश्न)*

प्रश्न 1:- गुरुजी ने बच्चों को क्या वचन दिया था ?

उत्तर: गुरु जी ने बच्चों को प्रथम आने पर मैट्रो रेल के सुहाने सफर का उपहार देने का वचन दिया था।

प्रश्न 2:- कैसे पता चलता है कि वे बच्चे पंजाब से आए हैं?

उत्तर : बच्चों के ट्रैक सूट पर पंजाब लिखा होने से पता चलता है कि वे बच्चे पंजाब से आए हैं।

प्रश्न 3:- मैट्रो रेल की पटरी कहाँ- कहाँ बिछाई जाती है?

उत्तर:  मैट्रो रेल की पटरी ज़मीन पर सड़क पर पुल बना कर और ज़मीन के नीचे सुरंग खोदकर बिछाई जाती है।

प्रश्न 4:- लिफ्ट का प्रयोग किन लोगों के लिए किया जाता है?

उत्तर: लिफ्ट का प्रयोग वृद्धों, बीमारों और अपाहिज लोगों के लिए किया जाता है ।

प्रश्न 5:- स्टेशन पहुँचने पर बच्चे क्या देखकर हैरान हुए?

उत्तर :स्टेशन पहुँचने पर बच्चे स्टेशन की साफ़-सफ़ाई और सजावट को देखकर हैरान हुए।

प्रश्न 6:- स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा जाँच कैसे की जाती है?

उत्तर: स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा जाँच के लिए एक यंत्र लगा होता है जो किसी भी विस्फोटक सामग्री के पास आते ही अपने आप विशेष ध्वनि निकालने लगता है । सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी भी लगे होते हैं।

प्रश्न 7:- स्वचालित प्रवेश द्वार किस प्रकार कार्य करता है ?

उत्तर: स्वचालित प्रवेश द्वार टिकट या स्मार्ट कार्ड छूने से अपने आप खुल जाता है और यात्री के निकल जाने से अपने आप बंद हो जाता है।

प्रश्न 8:- स्मार्ट कार्ड का क्या उपयोग है ?

उत्तर: हर रोज़ यात्रा करने वाले स्मार्ट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं उन्हें बार-बार टिकट नहीं खरीदनी पड़ती ।

प्रश्न 9:- पर्यटक कार्ड द्वारा कितने दिन तक यात्रा कर सकते हैं ?

उत्तर: पर्यटक कार्ड द्वारा 1 से 3 दिन की यात्रा कर सकते हैं।

प्रश्न 10:- गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कौन-से रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए ?

उत्तर: गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय पीले रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए।

प्रश्न 11:-प्लेटफार्म पर हमें क्या-क्या नहीं करना चाहिए ?

उत्तर: प्लेटफार्म पर गंदगी फैलाना और थूकना नहीं चाहिए।

प्रश्न 12:- मैट्रो गाड़ी की खिड़कियाँ क्यों नहीं खुलतीं ?

उत्तर: मैट्रो गाड़ी पूरी तरह वातानुकूलित होती है इसलिए इसकी खिड़कियाँ नहीं खुलतीं।

प्रश्न 13:- इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट्ट पर क्या सूचनाएँ दी जाती हैं ?

उत्तर: इलैक्ट्रॉनिक सूचना पट पर आने वाले स्टेशनों की सूचनाएँ दी जाती हैं।

4. *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में दें-*

प्रश्न (1) मैट्रो स्टेशन आम स्टेशन से किस प्रकार भिन्न है ?

उत्तर: मैट्रो स्टेशन आम स्टेशन से कई बातों में भिन्न है। यहां की सफ़ाई और सजावट काफी प्रभावित करने वाली होती है। आम स्टेशन के मुकाबले पर यहाँ सुरक्षा प्रबंध ज्यादा कड़े होते हैं। गाड़ियों के समय का भी बहुत ध्यान रखा जाता है।

प्रश्न (2) टोकन, स्मार्ट कार्ड और पर्यटक कार्ड में क्या अंतर है ?

उत्तर: एक बार सफर करने के लिए टोकन लिया जाता है। जिन यात्रियों को हर रोज़ सफर करना पड़ता है, वह एक बार स्मार्ट कार्ड खरीद कर उससे बार-बार सफर कर सकते हैं और पर्यटक कार्ड 1 से 3 दिन की यात्रा करने के लिए पर्यटकों के लिए होता है।

प्रश्न (3) मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार द्वारा जाने और निकलने में किन - किन बातों का ध्यान रखना चाहिये ?

उत्तर: मैट्रो गाड़ी के स्वचालित द्वार द्वारा जाने और निकलने में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहली बात कभी भी जल्दी नहीं करनी चाहिए। दरवाज़ों के पूरी तरह खुल जाने का इंतजार करना चाहिए। दरवाज़े से सटकर कभी खड़े नहीं होना चाहिए। दरवाज़े से दूरी बना कर खड़े रहना चाहिए।

## 5. वचन बदलो :-

खेल - खेलों

पंक्ति - पंक्तियाँ

वृद्ध - वृद्धों

स्टेशन– स्टेशनों

सीढ़ी - सीढ़ियाँ

खिड़की - खिडकियाँ

## 6. इन वाक्यों में सर्वनाम शब्द पर गोला लगाएं:-

(क) हम लाल किला देखने जाएंगे।

(ख) तुम्हें पता चल जाएगा।

(ग) मैं आपको गाड़ी में बैठाकर आता हूं।

(घ) उसने कहा, "चलो, आपकी गाड़ी का समय होने वाला है।"

(ड) उसे कन्हैया नगर स्टेशन से अधिकारियों ने हमारे आने की सूचना पहले ही दे दी थी।

## 7. 'असीमित' शब्द में 'अ' लगाकर विपरीत शब्द बना है । इसी प्रकार अन्य विपरीत शब्द बनायें:-

अ+सुविधा=असुविधा

अ+सहयोग=असहयोग

अ+सुर=असुर

अ+भिन्न=अभिन्न

## 8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग करें:-

दिल बल्लियाँ उछलना (बहुत खुश होना)=सर्कस में हाथी के करतब देखकर बच्चों का दिल बल्लियों उछलने लगा।

दंग रह जाना (हैरान रह जाना)= मैट्रो स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था देख कर बच्चे दंग रह गए।

खुशी से झूम उठना (बहुत प्रसन्न होना)= मैट्रो रेल की यात्रा करके बच्चे खुशी से झूम उठे।

मन बहलाना (मनोरंजन करना)= छात्र शाम के समय खेलकूद कर अपना मन बहलाते हैं।

## *9. नीचे लिखे शब्दों में अक्षरों को उचित क्रम में रखकर सार्थक शब्द बनाए:-*

गालरेडी = रेलगाड़ी
पहाउर= उपहार
लीजबि=बिजली
परआध=अपराध
जापंब =पंजाब

कानिस= निकास
नुशाअसल =अनुशासन
मगसंररम= संगमरमर
टवसजा= सजावट
किललाला =लालकिला

लतारगा =लगातार
रीजाकान= जानकारी
लासफा =फासला
फालेप्टर्म=प्लेटफार्म
अरोधनु=अनुरोध

## *10. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों में कारक बताएं:-*

भास्कर रेलगाड़ी <u>देखने के लिए</u> प्लेटफार्म के किनारे पर जा पहुंचा।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

आज हम सभी <u>मेट्रो रेल के द्वारा</u> जाएंगे।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

प्रतिभा खिड़की वाली <u>सीट पर</u> बैठ गई।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

सभी स्वचालित <u>सीढियों के द्वारा</u> भूमिगत प्लेटफार्म पर पहुंच गए।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

<u>गुरु जी ने</u> बच्चों को बड़े प्यार से समझाया।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

हमने राष्ट्रीय <u>खेलों में</u> भाग लिया।

(क) संप्रदान कारक (ख) करण कारक (ग) अधिकरण कारक (घ) कर्ता कारक

***************************************************************************

# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम

***************************************************************************

तैयार कर्ता:
अनवर हुसैन
डीएम हिंदी
फतेहगढ़ साहिब

संशोधन:
रजनी शर्मा
डीएम हिंदी
शहीद भगत सिंह नगर